AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb.) Date. 11th Aug 2019

पंचशील प्राइम रोज में आज चिकित्सा कैंप

अपराजिता
100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। 'अमर उजाला' के अपराजिता अभियान के तहत आईटीएस डेंटल कालेज मुरादनगर के साथ मिलकर रविवार को हापुड़ रोड स्थित पंचशील प्राइम रोज सोसायटी में निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा। शिविर में डेंटल कालेज के दंत चिकित्सक समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहेंगे। सुबह 9:30 बजे से शुरू होने वाला यह कैंप दोपहर दो बजे तक चलेगा। शिविर में आप भी दांतों व स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करा सकेंगे। खासकर दांतों में पीलापन, बदबू आना व सड़न जैसी समस्या से परेशान हैं तो आप चिकित्सकों से निशुल्क सलाह ले सकते हैं।

AMAR UJALA

Page No. 07 Date. 11th Aug 2019

शिविर में 132 मरीजों ने कराई दांतों की जांच, डॉक्टरों ने दिए टिप्स

माई सिटी रिपोर्टर

मोदीनगर। अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत शनिवार को ग्यासपुर गांव में आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत चिकित्सा कैंप लगाया गया। कैंप में 132 मरीजों का चेकअप किया गया।

आईटीएस डेंटल कॉलेज के चिकित्सकों ने ग्रामीणों के दांतों का चेकअप किया। प्रभारी डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि कैंप में 132 मरीजों का चेकअप किया गया। जिसमें 44 लोगों के दांतों की सफाई, 12 लोगों के दांत में मसाला भरा गया।

15 बच्चों के दांतों पर पेस्ट लगाया गया, जिससे उनके दांतों में बीमारी न हो, सात लोगों के दांत निकाले गए। जबकि कुछ लोगों के मुंह में घाव भी मिले। डॉ. रितु गुप्ता ने ग्रामीणों को दांतों की देखभाल के लिए टिप्स भी दिए। बताया कि ग्रामीणों में दांतों के लिए जागरूकता की कमी थी।

काफी लोगों के दांतों में कीड़े और गंदगी लगी थी। इस कारण दांतों को ठीक से साफ न करना था। उन्होंने बताया कि लोगों को किस तरह दांतों में ब्रश करना चाहिए। जिससे दांतों के मसूड़े स्वस्थ रहे। टीम में डॉ. आसिफा, डॉ. अनुवा, सुमित, श्री गोयल, शांतनु, संजय, शिवानी शामिल रहे।

स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक।

AMAR UJALA

Page No. 05 Date. 12th Aug 2019

गाजियाबाद में 220 तो मुरादनगर में 215 मरीजों की हुई जांच

अमर उजाला और आईटीएस ने संयुक्त रूप से लगाया स्वास्थ्य शिविर

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को गोविंदपुरम स्थित पंचशील प्राइमरोज सोसायटी में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कुल 220 से अधिक लोगों ने कैंप में आकर जांच कराई।

हेल्थ कैंप में कुल 220 मरीज आए, जिसमें से 152 के दांतों की जांच और 68 मरीजों को फिजियोथेरेपी के टिप्स दिए गए। 48 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। वहीं सबसे अधिक बच्चों के दांतों की जांच हुई। कैंप में जांच कराने वाली बेबी विनाया सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने कहा कि मीठा खाने के बाद या कुछ भी खाने के बाद ब्रश करने की भी सलाह दी है। डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि बच्चों के दांतों में फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया, जिससे उनको कैविटी की समस्या ना हो।

शिवम विहार कॉलोनी में रविवार को लगा शिविर

मुरादनगर। अमर उजाला के अपराजिता-100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत रविवार को शिवम विहार कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में ऋषि राज डाइग्नोस्टिक सेंटर गाजियाबाद के सहयोग से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ। शिविर में 215 मरीजों की ब्लड शुगर, थाइराइड, बॉडी फैट, बीएफए, लंबाई, वजन आदि की जांच की गई। शिविर में फिजीशियन डॉ. सचिन त्यागी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. आशीष कुमार ने मरीजों की निशुल्क जांच की। शिविर शुरू होते ही कॉलोनी के लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। जांच में ब्लड शुगर और बीएफए के मरीज अधिक पाए गए। मुनेश त्यागी, अमरीश त्यागी, रेशू त्यागी, अनुज त्यागी, मनीष त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, राजीव मलिक, सुनील भारद्वाज, अखिल त्यागी, निशांत, विकास, पुष्पा देवी, रेखा त्यागी आदि का सहयोग रहा।